NEWS

कम्युनिटी आउटरीच क्लब के सदस्यों ने किया श्रमदान

मेरठ, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ के कम्युनिटी आउटरीच क्लब के सदस्यों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न से सम्मानित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनको अपनी श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिसकी शुरुआत महाविद्यालय के निदेशक इंजी. विकास कुमार ने दोनों महापुरषों को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित

की ओर कहा कि हम लोगों को इन महापुरषों के बारे में जानकारी रखनी चाहिए ओर उनके बताए गए सिद्धांतों पर ही चलना चाहिए, उन्होंने महात्मा गांधी की नेतृत्व क्षमता और लाल बहादुर शास्त्री की सादगी से सीख लेने का सुझाव भी दिया। वही डीन एकता सिंधु ने कहा कि आज बहुत पावन दिन है क्योंकि आज मां भारती के दो महान सपूतों का जन्मदिवस है और आज सबसे प्रासंगिक यही होगा कि हम उनके महान विचारों को अपने जीवन में उतार लें, उन्होंने कहा कि इन महान विभूतियों के विचार वर्तमान समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे।

विनायक विद्यापीठ आउटरीच क्लब के सदस्यों ने किया श्रमदान

मोदीपुरम: विनायक विद्यापीठ के कम्युनिटी आउटरीच क्लब के सदस्यों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के निदेशक इंजी. विकास कुमार ने कहा कि सभी को इन महापुरुषों के बारे में जानना चाहिए। वही डीन एकता सिंधु ने कहा कि दोनों महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी। स्वच्छता का संदेश देने के लिए कम्युनिटी आउटरीच क्लब के सदस्यों रवीना, रीमा, प्रवीन शर्मा, वंश, ज्योति, काजल, खुशी, साक्षी, नेहा, नीतू आदि ने झाडू लेकर निकटवर्ती गांव पावली खास के उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं आसपास की गलियों में सफाई कर श्रमदान किया।

सदस्यों ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

दिव्य विश्वास। संवाददाता

मेरठ। विनायक विद्यापीठ के कम्युनिटी आउटरीच क्लब के सदस्यों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न से सम्मानित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनको अपनी श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजली दी। जिसकी शुरुआत महाविद्यालय के निदेशक इंजी. विकास कुमार ने दोनो महापुरषों को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की ओर कहा कि हम लोगों को इन महापुरषों के बारे में जानकारी रखनी चाहिए ओर उनके बताए गए सिद्धांतों पर ही चलना चाहिए,

उन्होंने महात्मा गांधी की नेतृत्व क्षमता और लाल बहादुर शास्त्री की सादगी से सीख लेने का सुझाव भी दिया। वही डीन एकता सिंधु ने कहा कि आज बहुत पावनदिन है क्योंकि आज माँ भारती के दो महान सपूतों का जन्मदिवस है और आज सबसे प्रासंगिक यही होगा कि हम उनके महान विचारों को अपने जीवन में उतार लें। उन्होंने कहा कि इन महान विभूतियों के विचार वर्तमान समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे !इसी के साथ साथ स्वच्छता का संदेश देने के लिए कम्युनिटी आउटरीच क्लब के सदस्यों जिनमें मुख्यतः रवीना, रीमा, प्रवीन शर्मा, वंश, ज्योति, काजल, खुशी, साक्षी, नेहा, नीतू इत्यादि ने खुद हाथो में झाड़ू लेकर निकटवर्ती गांव पावली खास के उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं गलियों में सफाई कर श्रमदान किया और "जन-जन का यही सपना, स्वच्छ रहेगा भारत अपना" का नारा देते हुए वहां उपस्थित बच्चों ओर युवाओं को स्वच्छता का संदेश दिया।